प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 09.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का ये आठवां संस्करण है। इसे आठ एपिसोड के नए प्रारूप में किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले एपिसोड में प्रधानमंत्री विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इसके बाद अन्य अंकों में विभिन्न क्षेत्रों की नामी हस्तियां विद्यार्थियों के साथ बातचीत कर अपने अनुभव साझा करेंगी। मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से 36 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न स्कूलों से किया गया है।

.............................................................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा के उम्मेदसिंह स्टेडियम से हैल्थ कार्निवल वॉक ओ रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन में कोटा के हजारों शहरवासियों ने हिस्सा लिया। इसमें 21 किलोमीटर हाफ मैराथन, 10 किमी मैराथन, केयरिंग और फैमिली रन आयोजित हुई। ये मैराथन उम्मेद स्टेडियम से शुरू होकर विभिन्न स्थानों से होते हुए स्टेडियम पर आकर संपन्न हुई। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली के लिए सुबह व्यायाम और दौड बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम में श्री बिरला ने विजेताओं को 25 लाख के पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर भी मौजूद रहे। उधर अलवर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और वन मंत्री संजय शर्मा ने आज प्रताप ऑडिटोरियम से अलवर टाइगर मैराथन का शुभारम्भ किया। मैराथन में अलवर जिले सहित देश के कई राज्यों के प्रसिद्ध धावको ने हिस्सा लिया।

.............................................................

जैसलमेर में आज विश्व प्रसिद्ध मरु महोत्सव का आगाज हुआ। चार दिवसीय महोत्सव की शुरूआत पोकरण के नेपालेश्वर महादेव मंदिर में भगवान गणेश और शिव की विशेष पूजा–अर्चना से हुई। इसके बाद शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकार, लोक नृत्य दल और ऊंटों की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। शहर के मुख्य मार्गों से निकली शोभा यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस महोत्सव में पर्यटकों के लिए भी विशेष प्रतियोगिताएं और आयोजन होंगे। आज शाम को लोककलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही मिस्टर पोकरण और मिस पोकरण प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी। इधर पर्यटन विभाग की ओर से कल जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर सांस्कृतिक संध्या 'कल्चरल डायरीज' के तहत पश्चिमी राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक कला की झलक देखने को मिली। इसमें बाड़मेर के लोक कलाकार गौतम परमार और उनके दल ने भवाई नृत्य पेश किया। साथ विभिन्न पारंपरिक लोकनृत्य भी हुए, जिनमें चरी, भवाई, साइकिल की रिम के साथ रिम नृत्य, घूमर नृत्य और कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत किये गये। गौरतलब है कि 'कल्चरल डायरीज' पर्यटन विभाग के नवाचार के रूप में आयोजित की जा रही है।

.............................................................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोगों, विशेषकर युवाओं से शक्ति और प्रेरणा के लिए पुस्तकों की ओर रुख करने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला 2025 में दो पुस्तकों का विमोचन करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि किताबें व्यक्तिगत और सामाजिक विकास दोनों में सच्ची मार्गदर्शक शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि किताबें ज्ञान का स्थायी रिकॉर्ड हैं, भावी पीढ़ियों के लिए विचारों और विरासतों को संरक्षित करती हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने युवाओं से चुनौतियों से उबरने के लिए प्रेरणा, और शक्ति के स्रोत के रूप में पुस्तकों को अपनाने का आग्रह किया।

.............................................................

सलूंबर के जयसमंद–झाड़ोल मार्ग स्थित मुण्डिया वेला मोड़ पर कल शाम एक सड़क हादसे में दो युवकों की मृत्यु हो गई। ये हादसा पिकअप और मोटरसाइकिल की टक्कर के कारण हुआ। मोटरसाइकिल सवार दोनो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उधर जैसलमेर के मोहनगढ़ नहरी क्षेत्र में ऊंट को बचाने के प्रयास में एक ट्रैक्टर नहर में गिर गया। हादसे में ट्रैक्टर सवार युवक की मौत हो गई।

..............................................................

प्रदेश में सुबह शाम की सर्दी का असर बरकरार है। वहीं दिन में तापमान में बढोतरी देखी जा रही है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज से दिन के साथ–साथ सुबह–शाम की सर्दी में कमी होनी शुरू होगी। उत्तर से आ रही हवा के थमने और पश्चिमी हवा के चलने से तापमान में बढ़ोतरी होगी। दिन में तेज धूप के कारण अधिकतम तापमान में सामान्य से दो से तीन डिग्री बढोतरी की संभावना है। इस बीच राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे कम 5 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान दौसा में दर्ज किया गया।

..............................................................